भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

<u>तारांकित प्रश्न संख्या: 2936</u>

<u>बुधवार, 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड (एनडब्ल्यूबी)

2936. श्रीमती रंजनबेन भट्टः
श्री के. सुब्बारायणः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का व्यापारियों और राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति के लिए एक राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड (एनडब्ल्यूबी) की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई कदम उठाया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): जी, हां। सरकार राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित करने और खुदरा व्यापार के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने का प्रस्ताव करती है। इसके लिए हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****